आकाशवाणी श्री विजयपुरम

22.10.2025 समय : 1905

1. भारत के एकमात्र सक्रिय पंक ज्वालामुखी के नमूने दो करोड़ साल से अधिक पुराने पाए गए। जी एस आई ने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में किया खुलासा।

2. जी एस टी सुधार और स्वदेशी मांग में दीवाली बिक्री का ग्राफ बढ़ाया। सर्वे में बहात्तर प्रतिशत व्यापारियों ने बिक्री में वृद्धि का कारण जी एस टी रेट कट को बताया।

3. 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' से पर्यावरण संरक्षण में भारत ने लगाई बड़ी छलांग। वैश्विक रैंकिंग सुधार में नौवें स्थान पर पहुंचा भारत।

4. अंडमान के शेखर राव की नशा मुक्ति जागरूकता यात्रा ने पूरे देश में फैलाया नशा मुक्ति का संदेश।

<><><><><><><>

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप महानिदेशक शान्तनु भट्टाचार्या ने कहा कि बाराटांग स्थित सक्रिय पंक ज्वालामुखी से एकत्र किए गए नमूने ओलिगोसीम युग के है जो लगभग दो कारोड़ तीस लाख वर्ष पुराना है। उन्होंने आठ और नौ अक्टूबर को साइट का दौरा कर मिट्टी के नमूने एकत्र किए जिससे यह तथ्य सामने आया। उन्होंने कहा कि क्रेटर से निकले लिथोक्लास्ट, मिथाकारी समूह के बलुआ पत्थर और शैल से बने पाए गए, जो इसी भूवैज्ञानिक काल के है। श्री भट्टाचार्य ने बताया कई छोटे छिद्रों वाले कुल चार ज्वालामुखी के समूह देखे गए है जो लगभग आधा किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए है और जिनके केन्द्र की ऊँचाई लगभग दो मीटर है। इन सभी समूह से लगातार तरल मिट्टी और गैस निकल रही थी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज केरल के सबरीमाला मंदिर में पूजा–अर्चना की। केरल के चार दिन के दौरे पर राष्ट्रपति तिरुवनंतपुरम से पथनमथिट्टा पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मु आज पंपा गणपति मंदिर पहुंचीं और सबरीमाला मंदिर जाने से पहले इरुमुडी बांधने सहित पारंपरिक अनुष्ठान पूरे किए।

<><><><><><><>

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को इस वर्ष दिवाली पर हुई रिकॉर्ड बिक्री के आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि जीएसटी रेट कट और स्वदेशी उत्पादों की मजबूत मांग के कारण दिवाली के दौरान कुल बिक्री छह दशमलव शून्य पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक, इस बिक्री में पांच दशमलव चार लाख करोड़ रुपये वस्तुओं की और पैसठ हजार करोड़ रुपये सेवाओं की बिक्री शामिल है। यह पिछले वर्ष की तुलना में पच्चीस प्रतिशत अधिक है और देश की ट्रेडिंग हिस्ट्री में अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है। जीएसटी रेट कट ने कंज्यूमर और रिटेल कैटेगरी में मूल्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया, जिससे खरीदारी में तेज़ी आई। सर्वे में बहत्तर प्रतिशत व्यापारियों ने बिक्री में वृद्धि का कारण जीएसटी रेट कट को बताया। इस वर्ष की दिवाली ने भारत की रिटेल और ट्रेडिंग इकोनॉमी में एक नया मानदंड स्थापित किया है, और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद विष्णु पद रे ने आयुष्मान भारत योजना के नियमों में बदलाव की मांग की है। उन्होंने उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा कि द्वीप समूह के मरीजों को इलाज के लिए मुख्य भूमि जैसे चेन्नई और कोलकाता जाना पड़ता है, लेकिन उन्हें सिर्फ जहाज का किराया ही वापस मिलता है। जबकि जहाजों की सेवा नियमित नहीं है, और लोग मजबूरी में हवाई यात्रा करते हैं, जिसका खर्च उन्हें खुद उठाना पड़ता है। सांसद ने कहा कि पहले की योजना में मरीजों को इलाज और यात्रा दोनों का खर्च सरकार उठाती थी। अब नए नियमों के कारण गरीब मरीजों को परेशानी हो रही है। सांसद ने यह पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा को भी भेजा है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।

<><><><><><><>

भारत ने विश्व के कुल वन क्षेत्र में नौवें स्थान पर आकर वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य और कृषि संगठन से जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन–दो हजार पच्चीस में यह जानकारी दर्ज की गई। पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि दसवें स्थान से नौवें स्थान पर आना एक बडी उपलब्धि है। यह प्रगति वन संरक्षण, वन्यीकरण और सामुदायिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की सफलता रेखांकित करती है। श्री यादव ने कहा कि वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि में विश्व में भारत का तीसरा स्थान बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल – 'एक पेड मां के नाम' से पूरे देश को पौधारोपण की प्रेरणा मिल रही है।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। द्वीपों के कैमिस्ट एंड ड्रग्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी 2.0 का स्वागत करते हुए ग्राहकों को मिल रहे लाभ के बारे में अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार के युवा शेखर राव ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत छब्बीस जून को सेल्युलर जेल से एकल जागरूकता यात्रा शुरू की। अब तक वह अंडमान और देश के कई हिस्सों में एक सौ दस से अधिक दिन की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने अंडमान के विभिन्न द्वीपों के साथ चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, अमृतसर सहित कई शहरों में युवाओं व समुदायों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। उनकी यात्रा को संस्थानों व प्रशासन से सराहना मिली है। समाज कल्याण निदेशालय ने उनके इस अभियान की प्रशंसा की है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिन्दी कैजुअल असाइनीज़ के पैनल तैयार करने के लिए गत अट्ठारह अक्टूबर को आयोजित स्वर परीक्षा का परिणाम सूचना पट्ट पर दर्शा दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों के साक्षात्कार शनिवार पच्चीस अक्टूबर को सुबह दस से बारह बजे तक आकाशवाणी श्री विजयपुरम में आयोजित किए जाएंगे। स्वर परीक्षा में सफल अभ्याार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा मिस्टर फिट बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता – सीजन टू का आयोजन अगले महीने की चार तारीख को शाम पाँच बजे श्री विजयपुरम के टैगोर सभागार में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी उनतीस अक्टूबर तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस की इंडिया रिजर्व बटालियन द्वारा आयोजित पुलिस सॉकर लीग – 2025 की शुरुआत नवंबर के पहले सप्ताह से IRBn मुख्यालय, पोर्ट मोट में होगी। यह टूर्नामेंट सभी के लिए खुला है और इसमें द्वीपों के किसी भी भाग से टीमें भाग ले सकती हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और पुलिस–जन सहयोग को बढ़ावा देना है। ग्रामीण पंचायतों से लेकर शहरी वार्डों तक के खिलाड़ी इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। टूर्नामेंट में स्थानीय क्लब, शैक्षणिक संस्थान, सामुदायिक संगठन और युवा समूह भाग लेंगे। पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्तीस अक्टूबर है।

<><><><><><><>